भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 1993

उत्तर देने की तारीख : 30.07.2026

पंजाब में पीएम विश्वकर्मा योजना

1993. श्री मलविंदर सिंह कंगः

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पंजाब में प्रधान मंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत लाभार्थियों का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) अब तक कितने कारीगरों का पंजीकरण, प्रशिक्षण और ऋण स्वीकृत किए गए हैं;

(ग) क्या पंजाब से कोई ऋण आवेदन विचाराधीन है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) पंजाब में इस योजना के कार्यान्वयन और जागरुकता में सुधार लाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा करांदलाजे)

(क) : पीएम विश्वकर्मा स्कीम को दिनांक 17.09.2023 को 18 पारंपरिक व्यापारों के कारीगरों और शिल्पकारों, जो अपने हाथों और औजारों से कार्य करते हैं को समग्र सहायता प्रदान करने हेतु शुरू किया गया था। पीएम विश्वकर्मा स्कीम के तहत पंजाब में लाभार्थियों का जिला-वार विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(ख) और (ग) : पंजाब राज्य में आज की तारीख तक पंजीकृत एवं प्रशिक्षित कारीगरों तथा उनकों संस्वीकृत ऋणों की संख्या निम्नानुसार है:

राज्य	पंजीकृत कारीगर	पूर्ण किया गया आधारभूत प्रशिक्षण	संस्वीकृत ऋण की संख्या
पंजाब	13,040	8,506	1,922

(घ) : सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) ने पीएम विश्वकर्मा स्कीम के बारे में जागरुकता का प्रसार करने के लिए कई पहलें की हैं। वर्ष 2025-26 तक, पंजाब राज्य में 38 से अधिक जागरूकता कार्यक्रम, 02 व्यापार मेले और 01 राज्य-स्तरीय प्रदर्शनी आयोजित की गई है।

मंत्रालय ने सोशल मीडिया अभियानों, ऑल इंडिया रेडियो पर रेडियो जिंगल, समाचार पत्र में विज्ञापन, होर्डिंग, डिजिटल डिस्प्ले और विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर स्थानीय भाषाओं में ऑडियो घोषणाओं के माध्यम से भी व्यापक प्रचार किया है। स्कीम तक पहुंच को और अधिक बढ़ाने तथा इसकी व्यापक पहुंच सुनिश्चित करने हेतु, विभिन्न व्यवसायों के लिए पीएम विश्वकर्मा दिशानिर्देश और पुस्तिका का 12 क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद किया गया है।

****

अनुबंध-I

लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1993, जिसका उत्तर दिनांक 30.07.2026 को दिया जाना है, के भाग (क) में संदर्भित अनुबंध

पीएम विश्वकर्मा स्कीम के तहत पंजाब में लाभार्थियों का जिला-वार विवरण

क्र. सं.	जिला	सफल पंजीकरण
1	अमृतसर	254
2	बरनाला	442
3	बठिंडा	704
4	फरीदकोट	260
5	फतेहगढ़ साहिब	98
6	फाजिल्का	1,647
7	फिरोजपुर	184
8	गुरदासपुर	1,346
9	होशियारपुर	311
10	जालंधर	229
11	कपूरथला	101
12	लुधियाना	1,125
13	मलेरकोटला	16
14	मानसा	506
15	मोगा	310
16	पठानकोट	1,216
17	पटियाला	308
18	रूपनगर	143
19	एस.ए.एस. नगर	40
20	संगरूर	530
21	शहीद भगत सिंह नगर	158
22	श्री मुक्तसर साहिब	2,960
23	तरनतारन	152
	कुल(पंजाब)	**13,040**